**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भाुक्रवार** **दिनांक 14.09.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

**1– छत्तीसगढ़ में एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई अब हिन्दी में भी होगी–मुख्यमंत्री ने की घोषणा।**

**2– छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज हिंदी दिवस मनाया जा रहा है।**

**3– प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आज से ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़ा शुरू।**

**4– सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया।**

**<u>मुख्यमंत्री–पत्रकारवार्ता</u>**

छत्तीसगढ़ में एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई अब हिन्दी में भी होगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज हिन्दी दिवस पर रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ के शासकीय मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षा को हिन्दी में भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि मेडिकल कॉलेजों में हिन्दी पुस्तकों का वितरण इसी सत्र से शुरू कर दिया जाए। श्री साय ने कहा कि इसका सबसे बड़ा फायदा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को होगा और वे अपनी मातृभाषा में विषय की गहराई को समझ पाएंगे। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिन्दी में एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई की सुविधा ऐच्छिक रहेगी। विद्यार्थी एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई के लिए अंग्रेजी या हिन्दी में से किसी भी एक भाषा को चुन सकेंगे।

**<u>हिन्दी दिवस</u>**

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। चौदह सितंबर उन्नीस सौ उनचास को संविधान सभा ने हिंदी भाषा को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हिन्दी दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने हिन्दी भाषा के महत्व के बारे में एक वीडियो साझा किया। वहीं, केन्द्रीय गृहमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा कि हिन्दी दिवस के पचहत्तर वर्ष पूरे हो रहे हैं और यह उपलब्धि राजभाषा के रूप में हिन्दी की हीरक जयंती के रूप में मनाई जा रही है। गृहमंत्री ने कहा कि राजभाषा विभाग शीघ्र हिन्दी से आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में अनुवाद करने के लिए एक पोर्टल का शुभारंभ करेगा। इस पहल के अंतर्गत पत्रों या भाषणों का बहुत कम समय में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से सभी भाषाओं में अनुवाद हो जाएगा। उन्होंने देश के नागरिकों से हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं को मजबूत करने में एकजुट रहने की अपील की। वहीं, मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजभाषा हिंदी राष्ट्रीय एकता और सद्भावना को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हिंदी के सहज–सरल होने के कारण इसने देश को एक सूत्र में बांधने में अहम भूमिका निभाई है।

उधर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सभी भाषाओं को मजबूत करने से ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा। इधर, छत्तीसगढ़ में भी हिन्दी दिवस के अवसर पर स्कूलों, कॉलेजों सहित विभिन्न संस्थानों में परिचर्चा, गोष्ठियां, सेमिनार और कार्यशाला जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**<u>''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान</u>**

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आज से ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़ा शुरू हो गया है। इस दौरान नगरीय निकायों में ''स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता'' की थीम पर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के

आयोजन के निर्देश दिए हैं। नगरीय निकायों में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान श्रमदान के माध्यम से वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान और स्वच्छ भारत कल्चरल फैस्ट के आयोजन किए जा रहे हैं। साथ ही स्वच्छता लक्षित इकाइयों का चिन्हांकन कर पोर्टल पर मैपिंग करते हुए गंदी जगहों की सफाई की जा रही है। गौरतलब है कि ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान आगामी एक अक्टूबर तक चलेगा।

**साय–आभार**

केन्द्र सरकार ने किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात शुल्क हटाने के साथ ही खाद्य तेलों के आयात शुल्क में बढ़ोतरी और प्याज के निर्यात शुल्क में कमी करने निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि इसका फायदा छत्तीसगढ़ के किसानों को भी मिलेगा। उन्होंने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के इस निर्णय से निश्चित रूप से सोयाबीन, बासमती, प्याज, सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली के उत्पादक किसानों के आय में वृद्धि होगी। इसका लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को भी मिलेगा।

**आईपीएस–तबादला**

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के दो अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार भोजराम पटेल को मुंगेली जिले का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं, मुंगेली के पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल को पुलिस मुख्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है।

**राज्यपाल–वृद्धा आश्रम**

राज्यपाल रमेन डेका ने कल रायपुर के माना कैम्प स्थित राज्य सरकार द्वारा संचालित नये वृद्धाश्रम का अवलोकन किया। इस दौरान राज्यपाल ने आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। इस मौके पर श्री डेका ने बुजुर्गों से कहा कि समाज का वर्तमान परिदृश्य आधुनिक सभ्यता की देन है। रोजगार के लिए बच्चे अपने माता–पिता से दूर रहते हैं, जिससे बुढ़ापे में बुजुर्ग अकेले हो जाते हैं। कई लोगों को बुढ़ापे में अपना जीवन यापन करने में भी दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि आश्रम में रहने वाले वरिष्ठजन अपना हौसला बनाए रखें और आनंद से जीवन गुजारे। उनके साथ सरकार और समाज है। इस अवसर पर राज्यपाल ने आश्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों को कंबल, फल और मिठाई वितरित किए। वहीं, राज्यपाल माना कैम्प में ही स्थित एसओएस बालिका गृह पहुंचे और उन्होंने वहां रह रही बालिकाओं से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस मौके पर राज्यपाल ने बालिकाओं से कहा कि वे हौसला रखें और बड़ा सपना देखें तथा उसे पूरा करने के लिए तन–मन से जुट जाएं। इस बालिका गृह में अनाथ और एकल अभिभावक वाली बालिकाएं जिनकी उम्र अट्ठारह वर्ष तक है, निवास करती है।

**अरूण साव–अमेरिका प्रवास**

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने अपने अमेरिका प्रवास के दौरान कल वाशिंगटन में सड़क और भवन निर्माण स्थलों कर दौरा कर कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण स्थलों पर आर्किटेक्ट और इंजीनियरों से चर्चा कर सड़क और भवन निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, धातु और मशीनरी की जानकारी ली। श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अच्छी गुणवत्ता की टिकाऊ सड़कों और भवन निर्माण के लिए अमेरिका में प्रचलित नई तकनीकों और उपायों का अध्ययन कर राज्य में लागू करने पर विचार किया जाएगा।

**माओवादी–मुठभेड़**

सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। घटनास्थल से हथियार और भारी मात्रा में माओवादी सामग्रियां बरामद की गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार चिंतागुफा थाना क्षेत्र से जिला पुलिस बल, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम तलाशी अभियान के लिए निकली थी। इसी दौरान तुमालपाड़ के जंगल में घात लगाए बैठे माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक माओवादी मारा गया।

**हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन**

श्रोताओं, कल रविवार को **''हल्बी'' और ''गोण्डी''** बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में

समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''सक्ती''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## विश्वकर्मा–जयंती

आगामी सत्रह सितंबर को विश्वकर्मा जयंती है। इस अवसर पर राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय श्रमिक सम्मेलन में संतावन हजार से अधिक पंजीकृत श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को विभिन्न योजनाओं के तहत करीब उनचास करोड़ चवालीस लाख रूपए केन्द्रीयकृत डीबीटी के माध्यम से वितरित करेंगे।

## मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। भारी वर्षा का मुख्य केन्द्र उत्तर छत्तीसगढ़ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार एक गहरा अवदाब पश्चिम बंगाल और उससे लगे बांग्लादेश के ऊपर स्थित है, जो लगातार आगे बढ़ रहा है। इस अवदाब के आगामी अड़तालीस घंटों में छत्तीसगढ़ में पहुंचने की संभावना है। इसके असर से कल प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

– राज्य सरकार ने नर्सिंग के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तारीख पन्द्रह सितंबर तक बढ़ा दी है।

– जल जीवन मिशन के नये संचालक डॉक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने कल दुर्ग और राजनांदगांव जिले का दौरा कर मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>